# सुबह सामग्री जप्त, शाम को दुकानें लगी

## आवागमन को सुचारू बनाने कटरा बाजार में निगमायुक्त के नेतृत्व में हटाया गया था अतिक्रमण

**नवभारत न्यूज**

**सागर 11 दिसंबर. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर के हृदय स्थल जामा मस्जिद के चारों ओर बिगड़ेल यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त के नेतृत्व में आज सुबह सड़क पर दुकान संचालित करने वालों की सामग्री जप्त की गई. तो शाम को दुकानें ज्यों की त्यों संचालित पाई गई हैं.**





गुरुवार की सुबह निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कटरा बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान सड़क पर अतिक्रमण कर अस्थाई दुकान लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई तथा फुटपाथ एवं सड़क पर फैली दुकान सामग्री को निगम दल द्वारा मौके पर ही जप्त कर लिया गया. निगमायुक्त ने बताया कि मुख्य बाजार क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण के कारण नागरिकों को आवागमन में कठिनाई होती है और यातायात प्रभावित होता है. उन्होंने कहा कि सड़क एवं फुटपाथ पर स्थाई निर्माण कर दुकानें लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित है. कोई भी व्यक्ति यदि बाजार क्षेत्र में स्थाई रूप से ढांचा खड़ा कर व्यापार करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी और संबंधित सामग्री जप्त की जाएगी.

श्री खत्री ने कहा कि बाजार क्षेत्र में निर्धारित पीली लाइन के पीछे ही अस्थायी रूप से दुकान लगाई जाए, उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि दुकान लगाने के बाद शाम के समय पूरी सामग्री एवं हाथठेला वापस घर ले जाना अनिवार्य है. बाजार में रातभर किसी भी प्रकार का ठेला, गुमटी या सामग्री छोड़ने पर निगम प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगा. निगमायुक्त ने बताया कि शहर की सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण से जहां जाम की स्थिति बनती है, वहीं स्वच्छता की व्यवस्था भी प्रभावित होती है. ऐसे में शहर को साफ-सुथरा रखने और यातायात को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए सभी दुकानदारों का सहयोग आवश्यक है.

# व्यस्ततम मार्ग को तीन दिन के लिए किया बंद

## अंडरग्राउंड नाली का पाइप चोक होने के कारण बनी थी जलभराव की स्थिति, पाइप बदलेगा

**नवभारत न्यूज**

**बीना 11 दिसंबर. मुख्य चौराहा जहां से खुरई सागर जाने का मुख्य मार्ग एवं शासकीय चिकित्सालय, गल्ला मंडी जैन मंदिर, साहू समाज मंदिर जाने के लिए एकमात्र रास्ता तीन दिनों के लिए बंद कर दिया गया है. अंडरग्राउंड नाली का पाइप चोक होने के कारण सड़क पर लगातार जलभराव हो रहा था, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था.**



नगर पालिका ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए पाइप बदलने का काम शुरू कर दिया है. सीएमओ राहुल कौरव ने बताया कि नाली का 600 एमएम का अंडरग्राउंड पाइप पूरी तरह जाम हो चुका है, इसे बदलकर नया पाइप डालने के लिए लगभग 5 फीट गहरी खुदाई करनी होगी. नाले के साथ दो पानी की पाइपलाइनें भी हैं, जिसके कारण काम अत्यधिक सावधानी से करना होगा. नपा के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पाइप बदलने के बाद कम से कम तीन दिनों तक सड़क पर यातायात बंद रखना आवश्यक है, यदि कॉन्क्रीट के पूरी तरह जमने से पहले भारी वाहन गुजरते हैं, तो सड़क के दोबारा धंसने का खतरा रहेगा. इसी कारण नगर पालिका ने यातायात डायवर्जन के संबंध में पुलिस को पत्र लिखा था.

टीआई अनूप यादव ने बताया कि खुरई रोड पर यातायात पूरी तरह बंद कर दिया गया है. अब वाहन खुरई रोड ओवरब्रिज के पास से रेलवे बायपास रोड और ओवरब्रिज से गांधी तिराहे की ओर डायवर्ट किए जा रहे हैं, वापसी के लिए भी इसी मार्ग का उपयोग किया जाएगा. छोटे वाहन चालक सिविल अस्पताल के सामने से पुष्प विहार कॉलोनी लिंक रोड और बीबीएम कॉलेज तिराहे होते हुए स्टेशन रोड तक पहुंच सकेंगे. काम शुरू होने के कारण शुरुआती ट्रैफिक दबाव कम रहा, तीन दिनों तक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा.

## एक नजर में



### रेन बसेरा पहुंचाया वृद्धजनों को

**रहली.** नगर पालिका सीएमओ धनंजय गुमस्ता ने निरीक्षण किया. कड़कड़ाती ठंड में नगर पालिका द्वारा चौराहों पर लगाये गये अलावों को देखा इस दौरान कड़ाके की ठंड में प्रतीक्षालय में सो रहे लोगों को सीएमओ ने आधी रात खुद भेजा रेन बसेरा और बिस्तर लगवाकर रजाई उढ़ाकर सुलाया. इस दौरान नगर के प्रमुख स्थान गांधी मूर्ति चौक पर इस वर्ष अलाव नहीं लगाया जाने की शिकायत की गई. निरीक्षण टीम के साथ कचरा संग्रहण क्षेत्र को भी देखा जहां लोग रात में कचरा फेकते हैं निरीक्षण करते चिन्हित किया और निर्देश दिए सुबह पहले इन स्थानों का कचरा साफ होना चाहिए.



### नन्हे ग्रैंडमास्टर सर्वज्ञ का सम्मान

**सागर.** नन्हे शतरंज प्रतिभा सर्वज्ञ सिंह कुशवाह ने मात्र 3 वर्ष 7 माह की कम उम्र में फाइड रेटिंग1572 अर्जित कर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत और सागर का नाम रोशन किया है .युवा नेता आकाश सिंह राजपूत ने नन्हे शतरंज खिलाड़ी सर्वज्ञ व उनके परिजनों का सम्मान किया. इस दौरान श्री राजपूत ने सर्वज्ञ के साथ शतरंज की बिसात सजाई और दो मैत्री मैच खेले. इस अवसर पर रितेश ठाकुर, शुभम घोषी, गौरव गर्ग, रानू राजपूत, गौरव गर्ग, नितेश अहिरवार, महेंद्र अहिरवार, हेमंत पटेल, सुनील चौधरी उपस्थित रहे.



### कॉलेज आने-जाने के लिए मिलेगी फ्री बस सेवा

**सागर.** कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया के प्राचार्य डॉक्टर ए.सी.जैन के मार्गदर्शन में समिति संयोजक डॉ. सुनील बाबू विश्वकर्मा सदस्य, जितेंद्र सिंह राजपूत, संतोष कोरी ने पुस्तकालय सुविधा एवं पीएम कॉलेज में एडमिशन लेने पर कॉलेज आने जाने के लिए फ्री बस सेवा उपलब्ध रहेगी बताया. समिति ने केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 पीएम श्री स्कूल एवं सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल जाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की.



### सांदीपनि विद्यालय के छात्रों ने किया भ्रमण

**रहली.** सांदीपनि विद्यालय में व्यवसायिक शिक्षा अंतर्गत इलेक्ट्रानिक्स विषय के कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सागर का भ्रमण कराया गया. भ्रमण के दौरान छात्रों ने अनेक तकनीकी पहलुओं को समझते हुए मूल्यवान अनुभव प्राप्त किए. छात्रों ने व्यवसायिक शिक्षक अक्षय जैन के मार्गदर्शन में इंजीनियरिंग ट्रेड्स अंतर्गत इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, मशीनिस्ट, वायरमैन, डीजल मैकेनिक, मोटर व्हीकल,इलेक्ट्रो मैकेनिक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट की गतिविधियों का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की. प्राचार्य दिलीप चौबे ने बताया कि विद्यार्थी औद्योगिक भ्रमण से कक्षा में सीखी गई थ्योरी को व्यावहारिक रूप से समझाया .इस औद्योगिक भ्रमण में नोडल शिक्षक प्रकाश शर्मा,शैलेंद्र जैन,अनिरुद्ध ठाकुर का योगदान रहा.

# नहर के पानी को लेकर धरना



**नवभारत न्यूज**

**बंडा 11 दिसंबर. गूगरा खुर्द की सोना नाला नहर खुलवाने के संबंध में किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा.**

किसानों का कहना है कि सोना नाला बांध से बम्होरी शाहगढ़, सिलापरी के किसानों को नहर के माध्यम से पानी खेतों तक दिया जाता था. लेकिन इस वर्ष 11 दिसंबर तक नहर का पानी नहीं खोला गया है, किसान परेशान हैं. यदि पांच दिवस में नहर नहीं खोली जाती है तो धरना एवं भूख हड़ताल की जायेगी. किसान नेता रामबिहारी सिह ने बताया की नहर में पर्याप्त पानी है और सिंचाई का समय चल रहा है.

# बेक परीक्षा के नाम पर अतिरिक्त फीस की वसूली

**नवभारत न्यूज**

**सागर 11 दिसंबर. डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के एमएससी केमिकल फिजिक्स की कम से कम 7-8 छात्राओं को फेल कर दिया गया. वह भी लांग आंसर वाली कॉपियों में सभी प्रश्नों पर 0 नंबर देकर जबकि छात्राओं को केवल 10 अंकों की ऑब्जेक्टिव परीक्षा में ही अंक दिए गए.**

जानकारी के अनुसार सूचना के अधिकार के तहत कॉपियाँ निकलवाने पर यह स्पष्ट हुआ कि प्रत्येक वर्णनात्मक प्रश्न में शून्य अंक दिए गए हैं, जिससे छात्राओं में आक्रोश है. छात्राओं का आरोप है कि या तो कॉपियाँ जाँची ही नहीं गईं या जानबूझकर उन्हें फेल किया गया है.

पीड़ित छात्राओं ने बताया कि वे पढ़ाई में अव्वल रहीं हैं, कई छात्राओं का कहना है कि दो वर्ष का एमएससी कोर्स तीन वर्ष खिंच गया है, बेक परीक्षा के नाम पर अतिरिक्त फीस भी ले ली गई, बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई है. छात्राएं महीनों से विभाग, परीक्षा शाखा और विश्वविद्यालय प्रशासन के चक्कर काट रही हैं. आवेदन पर आवेदन दिए जा रहे हैं, पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा. 5 से 18, फिर 20 तारीख तक लगातार बिना गैप के परीक्षा शेड्यू ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है. इसी बीच कई छात्राओं ने बीएड में प्रवेश ले लिया था, जहाँ टीसी और माइग्रेशन सर्टिफिकेट की आवश्यकता है परंतु फेल दिखाए जाने के कारण यह भी संभव नहीं हो पा रहा है. विश्वविद्यालय से निराश होकर पीड़ित छात्राओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय और मानवाधिकार आयोग तक शिकायत भेज दी है, उन्होंने निष्पक्ष जाँच, कॉपियों का पुनर्मूल्यांकन और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है. छात्राओं की माँग है कि अनावश्यक रूप से लंबित हो रहे कोर्स को समय पर पूरा कराया जाए एवं प्रभावित छात्राओं को टीसी व माइग्रेशन तुरंत जारी किया जाए.

### विमोचन 14 को

**सागर.** डॉ. हरिसिंह गौर महाविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी डॉ.मनोहर देवलिया की पुस्तक हरिशंकर परसाई की दुनिया का विमोचन और उस पर चर्चा का आयोजन 14 दिसम्बर रविवार को दोपहर 1.30 बजे से सिविल लाइन स्थित एक होटल में किया जाएगा. श्यामलम् द्वारा सुप्रसिद्ध विद्वान पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर भोपाल के मुख्य आतिथ्य तथा लोकप्रिय व्यंग्यकार डॉ. सुरेश आचार्य की अध्यक्षता में होने जा रहे इस बौद्धिक कार्यक्रम में पत्रकार राजेश बादल और डॉ.आशीष द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के तौर पर व्याख्यान देंगे.

# प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित किए

**नवभारत न्यूज**

**सागर 11 दिसंबर. शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय में श्री गुरु तेग बहादुर सिंह के शहीदी वर्ष और विश्व मानव अधिकार दिवस पर प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण एवं व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित हुआ.**



प्राचार्य प्रो. सरोज गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुरुद्वारा सिंघसभा सागर के मुख्य ग्रंथी स. ज्ञानी गुरबचन सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर गुरुसिंघ सभा के प्रधान सतेंद्र सिंह होरा व वरिष्ठ सरदार जितेंद्र सिंह चावला उपस्थित रहे. प्रशासनिक अधिकारी डॉ इमराना सिद्धिकी, डॉ गोपा जैन और डॉ रंजना मिश्रा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. कार्यक्रम के दौरान निबंध में बलदाऊ यादव, सोनाली चौरसिया, शिवानी तिवारी, पोस्टर में समीक्षा अहिरवार, रॉली पटेल तथा मुनि वैद्य और भाषण प्रतियोगिता में सोनाली चौरसिया, सुदीप तिवारी एवं नेहा तिवारी को मेडल पहनाकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संचालन डॉ संदीप सबलोक ने किया.

### सम्मानित किया

**सागर.** विधायक शैलेंद्र जैन एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अनुश्री जैन द्वारा अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास परम पूज्य इंद्रेश उपाध्याय के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कराया गया. आयोजन सम्पन्न होने के पश्चात राष्ट्रीय संत एवं विख्यात कथा व्यास विपिन बिहारी विधायक श्री जैन के निवास पर पहुंचे और उन्हें शाल-श्रीफल तथा ठाकुर का चित्र भेंट कर सम्मान अभिनंदन किया. इस अवसर पर विपिन बिहारी ने कहा कि कथा श्रवण का अवसर मिलना नगर के लिए सौभाग्य की बात है. विधायक श्री जैन ने भी उनके प्रति आभार व्यक्त किया है.

# स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम




**नवभारत न्यूज**

**राहतगढ़ 11 दिसंबर. स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सबरंग महोत्सव के रूप में मनाया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह सिंह राजपूत ने कहा कि बच्चों में अच्छे संस्कार उनको नैतिक बौद्धिक व आधुनिक शिक्षा के लिए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी शिक्षा पद्धति का लाभ मिले. विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने भी संबोधित किया. पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया, जिपं सदस्य उर्मिला शैलेंद्र श्रीवास्तव ने भी विचार रखे. संचालन ऐनी गोस्वामी ने किया. इस मौके पर संदीप श्रीवास्तव, विनोद कपूर, गोविंद सिंह पटेल, मूरत सिंह राजपूत, सुरेंद्र रघुवंशी, सुरेश सिंह जाट, रामशरण राय मौजूद रहे.



# बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सागर 11 दिसंबर. सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत खेल परिसर में बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ खेल के पहले दिन अंडर-19 वर्ग के बालक-बालिकाओं के मैच खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्साह और बेहतर खेल कौशल का प्रदर्शन किया.**

उद्घाटन डॉ. अनिल तिवारी ने किया. इस दौरान अंशुल भार्गव, बैडमिंटन प्रतियोगिता के प्रभारी कपिल कुशवाहा, रवि ठाकुर उपस्थित रहे.

### आज खेले गए मैचो में

अंडर-19 बालिका एकल वर्ग में विजेता पावनी श्रीवास्तव उपविजेता तनवी शर्मा रही, अंडर-19 बालिका युगल वर्ग में विजेता पावनी श्रीवास्तव एवं तनवी शर्मा की जोड़ी उपविजेता सचलीन कौर और समृद्धि अग्रवाल की जोड़ी रही, अंडर-19 बालक युगल वर्ग में अभय दुबे और अनंत तिवारी के मध्य मैच खेला गया, अंडर-19 बालक एकल वर्ग में सेमीफाइनल अनुज तिवारी और नमन मोहनानी के मध्य खेला गया. 12 दिसंबर को ओपन महिला/पुरुष वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे.

### लोक अदालत कल

**सागर.** जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर शनिवार को किया जा रहा है. जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमती के आधार पर किया जायेगा. न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंकित श्रीवास्तव ने बताया कि जिला मुख्यालय पर 21 पीठ और तहसील मुख्यालयों पर कुल 50 पीठ गठित की गई हैं. जिनमें धारा 138, कलेम प्रकरण, विद्युत प्रकरण, जल कर, संपत्ति कर, यातायात संबंधी ई-चालान प्रकरण सिविल प्रकरण एवं समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा. लोक अदालत में प्रकरण निराकरण कराने की स्थिति में नियमानुसार छूट का प्रावधान भी दिया जायेगा.

# अधूरे निर्माण कार्य से दुर्घटनाओं के बढ़ते जोखिम को लेकर सुरक्षा उपाय कराए जाएं

**नवभारत न्यूज**

**सागर 11 दिसंबर. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्रनितिन गडकरी को पत्र लिख कर स्वर्णिम चतुर्भुज फोर लेन क्रमांक-44 पर अधूरे निर्माण कार्य से दुर्घटनाओं के बढ़ते जोखिम के संबंध में पत्र लिख कर शीघ्रता से आवश्यक सुरक्षा उपायों हेतु निर्देश देने का आग्रह किया है.**

**पूर्व मंत्री श्री सिंह ने केंद्रीय मंत्री को पत्र भेज आग्रह किया**

उल्लेखनीय है कि गत दिवस इस मार्ग पर बांदरी के निकट भीषण सड़क दुघर्टना में बम डिस्पोजल स्क्राड के चार पुलिसकर्मियों की दुखद मृत्यु हो गई है. केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी को भेजे पत्र में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि सागर जिले के मेरे विधानसभा क्षेत्र के बांदरी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर हाल ही में घटित भीषण सड़क दुर्घटना में बम डिस्पोजल स्कॉड के चार कर्मियों की मृत्यु हुई और एक गंभीर रुप से घायल को एयर लिफ्ट दिल्ली भेजा गया था.

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्घटना का मुख्य कारण अधूरा सड़क निर्माण, संकरे एवं असुरक्षित डायवर्जन तथा रात्रिकालीन सुरक्षा संकेतों का अभाव पाया गया है. उल्लेखनीय है कि पिछले एक माह में इस मार्ग पर लगभग 17 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जो स्थिति की गंभीरता को और अधिक स्पष्ट करती है, राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर इस प्रकार की जोखिमपूर्ण स्थिति लगातार जन-जीवन के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है. पत्र में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री सिंह ने केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी से आग्रह किया है कि अधूरे मार्गों पर तत्काल सुरक्षित एवं मानक अनुरूप डायवर्जन, चेतावनी संकेत, प्रकाश व्यवस्था तथा बैरिकेडिंग सुनिश्चित कराने, और संबंधित निर्माण एजेंसी/ठेकेदार की लापरवाही की जाँच कर दायित्व निर्धारण और सुधारात्मक कार्रवाई की जाए.

**अजब-गजब** | खुरई निवासी बहन की शिकायत पर फर्जी चिकित्सक ने दिया त्याग पत्र, महिला का पति अमेरिका में है डॉक्टर

# बहनोई की डिग्री पर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर बन कर उपचार करता रहा

**नवभारत न्यूज**

**ललितपुर 11 दिसंबर. स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में जीजा की डिग्री पर चिकित्सक बनकर विगत तीन वर्षों से कॉर्डियोलॉजी विभाग संभालने का मामला प्रकाश में आया है.**

हृदय रोग जैसे अतिगंभीर विभाग में मुख्य चिकित्सक के फर्जी निकलने का मामला प्रकाश में आने से हड़कंप मच गया है, हालांकि इस प्रकरण में जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है. लोगों द्वारा फर्जी चिकित्सक द्वारा जिन लोगों के हृदय रोग सम्बन्धित मरीजों की जांच, उपचार व ऑपरेशन इत्यादि किये हैं, उनकी हिस्ट्री निकालकर जांच कराये जाने की मांग उठायी जा रही है. गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज में एक हृदय रोग विशेषज्ञ पर अपने जीजा की डिग्री का उपयोग कर नौकरी पाने का गंभीर आरोप लगा है. जांच के बाद डॉक्टर का इस्तीफा हो गया है.

सीएमओ डा. इम्तियाज खान ने बताया कि डॉक्टर ने इस्तीफा दे दिया है और जांच शुरू कर दी गई है, यह आरोप डॉक्टर की बहन ने लगाया है. बहन के अनुसार डॉक्टर राजीव कुमार गुप्ता जिस एमबीबीएस और एमडी की डिग्री के आधार पर नौकरी कर रहे थे, वे उनकी नहीं बल्कि उनके पति की हैं. बहन के पति वर्तमान में अमेरिका के एक बड़े अस्पताल में कार्यरत हैं, सागर जिले के खुरई निवासी डॉक्टर की बहन ने अधिकारियों से शिकायत की थी, उसने कथित दस्तावेजों के साथ कुछ साक्ष्य भी प्रस्तुत किए और फोटो मिलान सहित दस्तावेजों के सत्यापन की मांग की. बताया जा रहा है कि डॉक्टर और उसकी बहन के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है, शिकायत मिलने के बाद मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मयंक कुमार शुक्ला ने तुरंत जिला प्रशासन को सूचित किया, जिला प्रशासन के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टर की डिग्री और अन्य दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी. शिकायत की जानकारी मिलते ही डॉक्टर ने इस्तीफा दे दिया, वर्ष 2022 में स्वास्थ्य विभाग ने हृदय रोगियों के उपचार के लिए नेशनल हेल्थ मिशन के एनसीडी सेल में कार्डियोलॉजिस्ट एवं जनरल मेडिसिन के पद के लिए विज्ञप्ति जारी की थी, साक्षात्कार और शैक्षिक प्रमाणपत्रों की जांच के बाद डॉक्टर को 7 नवंबर 2022 से मेडिकल कॉलेज में तैनाती मिली थी, वह ओपीडी के साथ-साथ गहन हृदय चिकित्सा इकाई की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे. डॉक्टर को प्रतिमाह डेढ़ लाख रुपये वेतन दिया जा रहा था. आरोपी चिकित्सक ने नियुक्ति के समय जो दस्तावेज उपलब्ध कराए थे, उनके अनुसार उन्होंने 1991 में कोलकाता मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस और 1996 में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) से एमडी की डिग्री हासिल की थी.

### प्रतिनिधित्व करेंगे

**ललितपुर.** जनपद ललितपुर के पंचायत राज विभाग में कार्यरत सफाई कर्मी अरविन्द कुमार प्रजापतिऔर सीताराम कुशवाहा का चयन उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स टीम में हुआ है.प्रदेश स्तरीय सिविल सर्विसेज एथलेटिक्स ट्रायल्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, वाराणसी ने इनका चयन किया. अरविंद कुमार प्रजापति लंबी दूरी की दौड़ के खिलाड़ी हैं और वे इस चैंपियनशिप में 5,000 मीटर तथा 10,000 मीटर रेस में प्रतिभाग करेंगे. वहीं सीताराम कुशवाहा मध्य दूरी के धावक हैं और वे 400 मीटर हार्डल तथा 1500 मीटर रेस में प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे.